वर्ष-01, अंक-300
छपरा
31 अगस्त शनिवार
2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

शिवाजी प्रतिमा गिरने पर मोदी बोले-

## महाराष्ट्र की जनता से मैं माफी मांगता हूं

### इससे पहले शिंदे-फडणवीस व अजित पवार भी मांग चुके माफी





**मुंबई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र के दौरे पर हैं। पालघर के सिडको ग्राउंड में 76 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने सिंधुदुर्ग में 26 अगस्त को शिवाजी प्रतिमा गिरने के मामले पर माफी मांगी। मोदी ने कहा- छत्रपति शिवाजी महाराज मेरे और मेरे दोस्तों के लिए सिर्फ एक नाम नहीं है। हमारे लिए, छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक महाराजा नहीं हैं; हमारे लिए वे पूजनीय हैं। आज, मैं छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने नतमस्तक हूं और उनसे क्षमा मांगता हूं। प्रधानमंत्री मोदी से पहले महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी माफी मांग चुके हैं। मोदी के इस कार्यक्रम के दौरान मुंबई में मूर्ति गिरने को लेकर विरोध भी कर रही है। पुलिस ने कई कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं को नजरबंद भी किया। इससे पहले मोदी ने मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में कहा- AI के दुरुपयोग को लेकर चिंतित हूं। AI के एथिकल यूज के लिए ग्लोबल फ्रेमवर्क बनाया जाएगा। ग्लोबल फिनटेक कार्यक्रम 28 से 30 अगस्त तक आयोजित हुआ। इसमें 800 से ज्यादा स्पीकर और 80,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। RBI गवर्नर शक्तिकांत दास और SEBI प्रमुख माधवी पुरी बुच भी कार्यक्रम में पहुंचीं। पिछले 10 साल में फिनटेक स्पेस में 31 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश हुआ है। 10 साल में हमारे फिनटेक स्टार्टअप में 500% वृद्धि हुई है। सस्ते फोन-डेटा और जीरो बैलेंस बैंक खातों ने कमाल कर दिया है। एक दशक में ही भारत में ब्रॉडबैंड यूजर 6 करोड़ से बढ़कर करीब 94 करोड़ हो गए हैं। आज 18 साल से ऊपर का शायद ही कोई भारतीय हो, जिसके पास उसकी डिजिटल आइडेंटिटी यानी आधार कार्ड न हो। 2 दिन पहले ही जन धन योजना के 10 साल पूरे हुए हैं। जन धन योजना महिला सशक्तिकरण का माध्यम बनी है। योजना में करीब 29 करोड़ से ज्यादा महिलाओं के बैंक खाते खुले हैं। मुद्रा स्कीम के अंतर्गत अब तक करीब 27 ट्रिलियन रुपये से ज्यादा का क्रेडिट दिया जा चुका है।

## पटना बना डेंगू का हॉटस्पॉट, अब तक 3 की मौत

### बिहार में एक दिन में 50 केस, 18 राजधानी से; समस्तीपुर के आंकड़े भी डराने वाले




**पटना,एजेन्सी।** बिहार के कई जिलों में डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं। राजधानी पटना डेंगू का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है, यहां से सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। इधर हस्ष्ट॥ में भर्ती 16 साल के आर्यन की गुरुवार को डेंगू से मौत हो गई। डेंगू से पटना में ये तीसरी मौत है। इससे पहले एक बुजुर्ग और एक महिला की भी इसी बीमारी से जान जा चुकी है।

24 अगस्त की रात नौबतपुर के आर्यन को भर्ती कराया गया था। हस्ष्ट॥ के नोडल पदाधिकारी डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि आर्यन का प्लेटीलेट्स लगातार कम होने से उसकी मौत हो गई है। मरीज को पहले से पीलिया था। इधर राज्य में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गुरुवार को राज्य में 50 नए मरीज मिले। इसमें हॉटस्पॉट बने पटना से 18 केस सामने आए हैं। पटना के बाद सबसे अधिक समस्तीपुर में छह मरीज मिले हैं, यहां अब तक 40 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं। 1 जनवरी 2024 से अभी तक बिहार में 646 लोग पीड़ित हुए हैं। जबकि पटना में 265 लोग पीड़ित हो चुके हैं। मेदांता में 3, मेडिवर्सल में 2, फोर्ड में 3 और जिले के अन्य सरकारी अस्पतालों में कुल 10 मरीज एडमिट हैं।

## छपरा से अमृतसर के बीच चलेगी त्योहार स्पेशल ट्रेन

### 20 सितंबर से 30 नवंबर तक सीवान, थावे होकर गुजरेगी; रेलवे ने जारी किया पूरा शेड्यूल



**छपरा ।** रेलवे ने आनेवाले त्योहारों के दौरान यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए नए ट्रेनों के संचालन का ऐलान किया है। इसी क्रम में ट्रेन संख्या 05049/05050 छपरा-अमृतसर त्योहार साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन छपरा से 20 सितंबर से 29 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को किया जाएगा। वहीं अमृतसर से 21 सितंबर से 30 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार को 11 फेरों के लिए चलाया जा रहा है। इस ट्रेन के संचालन से छपरा के यात्रियों को सीवान, थावे, कप्तानगंज और गोरखपुर के रास्ते अमृतसर जाने के लिए विशेष सहूलियत मिलेगी।

**इस रास्ते से होकर चलेगी ट्रेनें:**ट्रेन संख्या 05049 छपरा-अमृतसर त्योहार साप्ताहिक विशेष गाड़ी~ 20 सितंबर से 29 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को छपरा से सुबह 9.55 बजे प्रस्थान करेगी। सीवान से 10.50 बजे, थावे से 11.28 बजे, तमकुही रोड से 12.05 बजे, पडरौना से 12.40 बजे, कप्तानगंज से 13.30 बजे, गोरखपुर से 14.40 बजे, खलीलाबाद से 15.22 बजे, बस्ती से 15.50 बजे, गोंडा से 17.15 बजे, बुढ़वल से 18.22 बजे, सीतापुर से 19.55 बजे, बरेली से 23.10 बजे, दूसरे दिन मुरादाबाद से 00.53 बजे, सहारनपुर से 4.02 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 4.27 बजे, अम्बाला कैंट से 5.20 बजे, ढंडारी कलां से 6.55 बजे, जालंधर सिटी से 8.10 बजे तथा ब्यास से 8.45 बजे छूटकर 9.30 बजे अमृतसर पहुंचेगी। वापसी में 05050 अमृतसर-छपरा त्योहार साप्ताहिक विशेष गाड़ी 21 सितंबर से 30 नवंबर 2024 तक प्रत्येक शनिवार को अमृतसर से 12.45 बजे प्रस्थान करेगी। ब्यास से 13.17 बजे, जालंधर सिटी से 13.58 बजे, ढंडारी कलां से 15.15 बजे, अम्बाला कैंट से 16.55 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 17.38 बजे, सहारनपुर से 18.20 बजे, मुरादाबाद से 21.50 बजे, बरेली से 23.14 बजे, दूसरे दिन सीतापुर से 2.18 बजे, बुढ़वल से 4.42 बजे, गोण्डा से 5.45 बजे, बस्ती से 7.15 बजे, खलीलाबाद से 7.50 बजे, गोरखपुर से 8.45 बजे, कप्तानगंज से 9.50 बजे, पडरौना से 10.42 बजे, तमकुही रोड से 11.15 बजे, थावे से 12.05 बजे तथा सीवान से 12.55 बजे छूटकर 14.00 बजे छपरा पहुंचेगी। इस गाड़ी में जीएसएलआरडी के 2, साधारण द्वितीय श्रेणी के 4, शयनयान श्रेणी के 12 तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 5 कोचों समेत कुल 23 कोच लगाए जाएंगे।

## आरजेडी MLC के निष्कासन पर विधान परिषद कार्यालय को नोटिस

### सुप्रीम कोर्ट ने 4 हफ्ते में मांगा जवाब, जुलाई में गई थी सुनील सिंह की सदस्यता



**पटना,एजेन्सी।** आरजेडी के पूर्व MLC सुनील सिंह की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने विधान परिषद कार्यालय को नोटिस जारी किया है। विधान परिषद से सदस्यता जाने के बाद सुनील सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है और विधान परिषद कार्यालय से 4 हफ्ते में जवाब मांगा है।

दरअसल, राजद नेता सुनील कुमार सिंह और कारी सोहेब ने 13 फरवरी 2024 को बजट सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर सीएम नीतीश कुमार की मिमिक्री की थी। मामला आचार समिति के पास पहुंचा। आचार समिति की जांच में दोनों दोषी पाए गए। MLC कारी सोहेब को दो दिन के लिए निलंबित किया गया था। सोहेब ने पहले ही माफी मांग ली थी, लेकिन सुनील सिंह ने माफी नहीं मांगी।

जुलाई में मानसून सत्र के दौरान सुनील सिंह को विधान परिषद से बर्खास्त कर दिया गया था। विधान परिषद की आचार समिति की अनुशंसा पर उनके खिलाफ कार्रवाई हुई थी।

**आचार समिति ने की थी कार्रवाई की अनुशंसा :** मानसून सत्र के दौरान विधान परिषद की आचार समिति ने सुनील सिंह पर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इसमें कहा गया था कि वे लगातार सदन के अंदर 4 बैठकों में शामिल नहीं हुए हैं। 5वीं बैठक में वे आए, लेकिन अपने ऊपर लगे आरोपों पर कोई जवाब नहीं दिया।

इसके साथ ही अनुशंसा पत्र में कहा गया है कि वे लगातार सदन के नेता, यानी मुख्यमंत्री के खिलाफ बयानबाजी करते आ रहे हैं। उनका व्यवहार भी असंसदीय और लोकतंत्र के खिलाफ है।

## 'कोक्लियर इंप्लांट' सर्जरी मूक बधिर बच्चों के लिए वरदान

### सुनने और बोलने की क्षमता बढ़ेगी, पटना एम्स में तीन दिवसीय कार्यशाला

**पटना,एजेन्सी।** पटना एम्स में 'कोक्लियर इंप्लांट' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि मेडिकल क्षेत्र में वैसे बच्चों के लिए ये काफी कारगार है जो बचपन से बोलने और सुनने में कमजोर हैं। इसे देशभर में क्रांति के तौर पर देखा जा रहा है। सर्जरी मूक बधिर बच्चों के लिए काफी कारगर है।

**पटना एम्स में जन्म के समय ही बच्चों की स्कैनिंग की जाती है :** वहीं, प्रभारी सर्जन डॉक्टर क्रांति भावना ने कहा कि मूक बधिर बच्चे अब बोलने लगे हैं। 'कोक्लियर इंप्लांट' एक ऐसी मशीन है, जो कान के पीछे ऑपरेशन करके लगाई जाती है। इससे 2 से 4 साल के बच्चों को काफी फायदा होता है। एम्स में जन्म के समय ही बच्चों की स्कैनिंग की जाती है। सुनने और बोलने की क्षमता कितनी है, इसका पता लगाया जाता है।

**माता-पिता को बच्चों का ध्यान रखना चाहिए**

उन्होंने आगे कहा कि 7 से 8 साल के मूक बधिर बच्चों में 'कोक्लियर इंप्लांट' अगर लगाई जाती है तो ये कारगर नहीं हो पाती। हर माता-पिता को जन्म के बाद से ही बच्चों का ध्यान रखना चाहिए। बच्चे कितना बोल और सुन पा रहे है, इसकी जांच करानी चाहिए।

## चिराग,चंद्रबाबू के बाद नीतिश की पार्टी ने त्योरी भौंह

### वक्फ संशोधन विधेयक पर बढ़ने वाली है बीजेपी की टेंशन



**पटना (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बीजेपी को एक और सहयोगी से झटका लगता दिख रहा है। केंद्र में नरेंद्र मोदी की तीसरी बार सरकार बनाने में अहम सहयोगी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर चिंता जताई है। गौर करने वाली बात यह है कि एनडीए खेमे में जेडीयू तीसरी पार्टी है जिसने इस बिल को लेकर अपनी अलग राय रखी है। इससे पहले चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) इस विधेयक पर सवाल उठा चुकी है। वहीं आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी ने भी इससे नाखुश है। माना जा रहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार की पार्टी जेडीयू 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की 18 फीसदी मुस्लिम आबादी को नाखुश नहीं करना चाहती है। इसलिए वह प्रस्तावित कानून में बदलाव चाहती है। वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर जेडीयू का रेड सिग्नल इसलिए मायने रखता है क्योंकि लोकसभा की कार्यवाही के दौरान केंद्रीय मंत्री और जेडीयू के संसदीय दल के नेता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने खुलकर इस बिल का समर्थन किया था। जेडीयू सांसद राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने इस महीने की शुरुआत में लोकसभा में एक बहस के दौरान कानून के पक्ष में बात की थी। ललन सिंह ने संशोधनों को पारदर्शिता के लिए एक बहुत जरूरी उपाय बताया।

## झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन बीजेपी में शामिल

- बोले-कभी नहीं सोचा था मेरी जासूसी होगी, शिवराज ने कहा- टाइगर अभी जिंदा है



**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बीजेपी में शामिल हो गए। रांची के धुर्वा स्थित शहीद मैदान में कार्यक्रम में शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलवाई। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चंपाई सोरेन के आने से भाजपा मजबूत होगी। टाइगर अभी जिंदा है। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जेएमएम अब पति-पत्नी और दलालों की पार्टी रह गई है। वहीं, चंपाई सोरेन ने कहा कि मैं दिल का साफ हूं, मैंने कभी नहीं सोचा था मेरी जासूसी होगी। जिसने झारखंड के लिए लड़ाई लड़ी उसके पीछे जासूस लगाया। उस दिन के बाद हमने फैसला लिया कि दल में जाएंगे, जनता की सेवा करेंगे।

आंध्र प्रदेश में गर्ल्स हॉस्टल के वॉशरूम में हिडन कैमरा

## लड़कों के छात्रावास में भेजी जाती थी क्लिप,कई वीडियो मिलने से हड़कंप



**हैदराबाद (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां लड़कियों के हॉस्टल के वॉशरूम में हिडेन कैमरा बरामद हुआ है। खुफिया कैमरा मिलने से हड़कंप मच गया। छात्राओं का आरोप है कि यहां गुडलवालेरु कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के गर्ल्स हॉस्टल में हिडन कैमरा लगा हुआ था। इसके बाद छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप है कि छिपे हुए कैमरे द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो कथित तौर पर लड़कों के छात्रावास में छात्रों के बीच प्रसारित किए गए। पुलिस ने इस मामले में एक छात्र को भी हिरासत में लिया है। हॉस्टल के वॉशरूम में खुफिया कैमरे पर एक छात्रा की नजर पड़ी। उसने तुरंत हॉस्टल प्रबंधन को इसकी जानकारी दी। आरोप है कि इस कैमरे के कुछ वीडियो पुरुष छात्रावास में भी शेयर किए गए हैं। इसकी जानकारी सामने आते ही छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस को भी मामले की जानकारी दी गई। जांच के बाद पुलिस ने इंजीनियरिंग के फाइनल ईयर के एक छात्र को हिरासत में लिया है। कुछ छात्राओं के परिजन भी पहुंचे और इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद से छात्राएं काफी डरी हुई हैं।

उन्हें वीडियो शेयर किए जाने का डर सता रहा है। बता दें कि इसी महीने की शुरुआत में बेंगलुरु की एक लोकप्रिय कॉफी चेन के वॉशरूम में भी हिडेन कैमरा मिला था। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि गर्ल्स हॉस्टल में हिडेन कैमरा रखने के मामले में क्या कोई छात्रा भी शामिल था या नहीं। एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के मुताबित 300 से अधिक वीडियो लीक हुए हैं।

आपका जवाब नहीं मिला...


## ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को दोबारा लिखा पत्र

- बंगाल सीएम बोलीं-संवेदनशील मुद्दे पर चुप्पी सही नहीं

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर उनसे बलात्कार के मामलों में 15 दिन की सुनवाई और अनुकरणीय सजा का मार्ग प्रशस्त करने के लिए सख्त केंद्रीय कानून लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के संवेदनशील मुद्दे के बावजूद उन्हें प्रधानमंत्री से कोई जवाब नहीं मिला है। सीएम ने बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराधों से निपटने के लिए कड़े कानून की आवश्यकता पर जोर दिया। सीएम ममता बनर्जी ने पत्र में लिखा, कृपया मेरा पत्र संख्या 44-सीएम दिनांक 22 अगस्त, 2024 (कॉपी अटैच है) को देखें, जिसमें बलात्कार की घटनाओं पर कठोर केंद्रीय कानून की आवश्यकता और ऐसे अपराधों के अपराधियों को अनुकरणीय दंड देने की आवश्यकता के बारे में बताया गया है। उन्होंने कहा, इस तरह के संवेदनशील मुद्दे पर आपकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिला है।

## अरिहंत के बाद अब नौसेना को मिला आईएनएस अरिघात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की नौसेना की ताकत को बढ़ाने के लिए अरिहंत श्रेणी की दूसरी परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिघात को गुरुवार को विशाखापतनम में नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। इस पनडुब्बी के शामिल होने से नौसेना की मारक क्षमता कई गुना बढ गई है। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अनेक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी तथा सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े अधिकारी भी मौजूद थे। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में विश्वास जताया कि अरिघात देश की परमाणु तिकड़ी यानी परमाणु ट्रायडंट को और मजबूत करेगी। यह परमाणु प्रतिरोध को बढ़ाएगी, क्षेत्र में रणनीतिक संतुलन और शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी । और देश की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएगी। उन्होंने इसे राष्ट्र के लिए उपलब्धि और सरकार के रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के अटूट संकल्प का प्रमाण बताया। अरिहंत श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी अरिघात अरिहंत का उन्नत स्वरूप है और यह अत्याधुनिक हथियार प्रणाली तथा उपकरणों से लैस है। इसे कठिन और निरंतर परीक्षणों की सफलता के बाद नौसेना को सौंपा गया है।



# संस्कृत विधालय के भवन जर्जर से मंदिर और पेड़ के नीचे पढ़ने पर मजबूर हैं छात्र-छात्राएं

## विभाग की अनदेशी, एक कमरें में चलता है विद्यालय



**दैनिक खोज खबर/मशरक(सारण)।** संस्कृत विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था किस कदर बदहाल है उसकी एक बयानगी मशरक प्रखंड के संस्कृत उच्च विद्यालय में देखने को मिल रही है।मशरक प्रखंड के दुरगौली पंचायत के बड़वाघाट छपिया राम-जानकी मंदिर परिसर अवस्थित गायत्री संस्कृत उच्च विद्यालय है।जहां एक कमरे में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10वीं तक की क्लास चलती है। एक कमरे में कार्यालय है बाकी कमरे इतनी खराब स्थित में है कि कब गिर जाए इसकी कोई गारंटी नहीं इस विधालय में शिक्षक 9 एवं एक क्लर्क एक चपरासी मिलाकर ग्यारह लोग काम करते है लेकिन एक कमरे में बैठे बच्चे कैसे पढ़ते होंगे, यह एक बड़ा सवाल है? इस विद्यालय में तकरीबन 239 बच्चों का नामांकन हैं, जिसमें करीब 120 बच्चे रोजाना विद्यालय आते है। विद्यालय आने के बाद सभी वर्ग के बच्चे एक कमरे में कुछ बैठ जाते हैं । कुछ बच्चे मंदिर के बरामदा में बैठकर पढने पर मजबूर है । इस विद्यालय में दो और कमरे बने हुए हैं,लेकिन वह जर्जर स्थिति में है और ऊपर छत ही नहीं है। लिहाजा सभी कक्षा के छात्र-छात्राएं एक ही कमरे में बैठकर अपनी पढ़ाई पूरी करते हैं एक कमरे मे कार्यालय है, क्लास रूम में छात्रों की ज्यादा उपस्थिति होने पर पर विद्यालय परिसर मे खुले आसमान का सहारा लिया जाता है। जबकि खुले आसमान के नीचे पेड़ की छांव में कक्षाएं संचालित होती है और मंदिर के बरामदे में भी छात्र छात्राओं को बैठाया जाता है जो कि जान जोखिम मे डालकर बच्चे को बैठाया जाता है। ज्यादा बच्चे आने पर विद्यालय परिसर में आम के पेड़ बनते है बच्चों के लिए कमरे। वहीं सातवी कक्षा की छात्रा ममता कुमारी ने बताया हैं कि कक्षा 1 से लेकर 10 तक के बच्चे एक ही कमरे में बैठते हैं। जिस कारण पढ़ाई में परेशानी होती है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों जैसे मुखिया, बीडीसी, विधायक शिक्षा विभाग से मांग की है कि हर वर्ग के लिए अलग क्लास रूम बनाया जाए। इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि बच्चों को बैठने में काफी परेशानी होती है। एक ही कमरे में सारे बच्चे बैठते हैं। बच्चे जब ज्यादा आते हैं तो पहली से पांचवी क्लास के बच्चों को खुले आसमान के नीचे बाहर आम पेड़ के नीचे पढ़ाई करवाई जाती है। वही वर्ग 6 से 8 तक के बच्चों को इसी एक कमरे में पढ़ाया जाता है। 9 से 10 के बच्चों को मंदिर के बरामदे में बैठाकर पढाया जाता है। पुराने भवन में दो कमरे हैं एक में स्कूल का कार्यालय है एक क्लास रूम है लेकिन इसकी दिवार जर्जर स्थिति में हैं और ऊपर छत भी नहीं हुआ है, जिस कारण वहां बच्चों को नहीं बैठने दिया जाता है। बिहार सरकार की ध्यान संस्कृत शिवालयों पर नहीं होने के कारण ही सभी संस्कृत विधालय की स्थिति दयनीय बनती जा रही हैं।

## खेल दिवस के मौके पर निबंध प्रतियोगिता, योग एवं खेलकूद गतिविधियां आयोजित



**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाजितपुर में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में निबंध प्रतियोगिता, योग एवं खेल खुद की गतिविधियां आयोजित की गई। मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए विद्यालय के शारीरिक शिक्षक योग मर्मज्ञ प्रवीण कुमार सिंह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि सर्वांगीण विकास की दृष्टि से जीवन में खेलकूद एवं योग का अत्यंत महत्व है। शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा भावनात्मक सामंजस्य स्थापित करने के लिए खेलकूद एवं योग के मूल तत्व को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कहा गया है।जीवन में खेलकूद का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता में कैरम, शतरंज, क्रिकेट आदि गतिविधियों तथा योग विद्या के अंतर्गत सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, त्रिकोणासन, सूर्य नमस्कार, भ्रामरी, स्वसन क्रिया आदि प्राणायाम गतिविधियां संपन्न हुई। सैकड़ो बच्चे पूरी ऊर्जा एवं कुशलता के साथ प्रतिभागी बने। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विकास कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए ओलंपिक में तीन बार के स्वर्ण विजेता मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही मौके पर शिक्षक अनिल कुमार चौधरी, प्रमोद कुमार, एस एम इमरान अहमद, नवल किशोर राय, गणेश राय, रजनीश विश्वकर्मा, नगीना लाल मांझी, अनुपम पाठक, सुजीत कुमार, राजीव कुमार, ओम प्रकाश यादव, सत्य कुमार साह, विकास कुमार, राखी कुमारी, अंजना कुमारी समेत सैकड़ो छात्र- छात्रा उपस्थित थे।

## परसा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के चौथे दिन महिला कबड्डी कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर चौथे दिन उच्चतर विद्यालय परसा मे श्रीकृष्ण पूजा समिति द्वारा महिला कबड्डी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में त्रिशूल स्पोर्ट्स एकेडमी परसा सारण बनाम मार्ग दर्शन एकेडमी सिवान के महिला खिलाडियों के बीच कबड्डी खेल शानदार प्रदर्शन किया गया । वही मार्गदर्शन एकेडमी सिवान टीम के खिलाड़ियों ने 25 अंको से जीत हासिल कर कप पर कब्जा जमा लिया । इस दौरान वातावरण श्रीकृष्ण के जयकारों और गीतों से गूंज रहा था । विजेता व उपविजेता महिला खिलाडियों को मुख्य अतिथि अर्जुन सिंह,विकास कुमार सिंह तूफान कुमार सिंह,पूजा समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार राय डा. संजय कुमार राय, ओम प्रकाश राय,कुमार संजीव,पंकज कुमार , वार्डपार्षद सुधांशु कुमार ने सयुक्त रूप से विजेता व उप विजेता टीम के कैप्टन को कप प्रदान दिया। वही श्रीकृष्ण पूजा समिति सदस्यों द्वारा मैन आफ द मैच त्रिशूल टीम के कंचन कुमारी,कोमल कुमारी, व सपना कुमारी सहित अन्य खिलाड़ियों को मेडल,जर्सी देकर प्रोत्साहित किया गया।वही महिला कबड्डी खेल देखने के लिए दर्जनों गांव के हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।

## इंटरनेट पर हथियार लहराने वाला युवक गिरफ्तार




**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** भेल्दी थाना क्षेत्र के रायपुरा गांव में एक युवक के द्वारा इंटरनेट मीडिया पर हाथ में हथियार लेकर फोटो प्रसारित करना महंगा पड़ गया। एसपी डॉक्टर कुमार आशीष के निर्देश पर इंटरनेट मीडिया पर पुलिस काफी एक्टिव हो गई है। हर घटनाक्रम पर पुलिस नजर बनाए हुए हैं।इसी दौरान पुलिस को पता लगा कि रायपुरा गांव के अशर्फी मांझी के पुत्र मिथलेश कुमार एक फोटो में देसी कट्टा लहराते हुए दिख रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने उक्त फोटो का सत्यापन किया और सत्यापन करने के बाद रायपुरा गांव में छापेमारी कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित फोटो उसी का है गांव के आसपास के लोगों में दहशत फैलाने के लिए वह ऐसा करता है।

## सर्पदंश से छात्रा की मौत, मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के भागवतपुर पंचायत के नवारी गांव में बीते रात सर्पदंश से पांच वर्षीया छात्रा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नेवारी गांव निवासी रूपेश महतो की पांच वर्षीया पुत्री संगीता कुमारी को गुरुवार की रात्रि में जहरीले सांप ने डंस लिया जिसका इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। उक्त छात्रा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 78 में नामांकित थी। गुरुवार की रात्रि खाना खा कर वह सो गई जहां रात्रि करीब 1:30 बजे उसे जहरीले सांप में डंस लिया। तत्काल उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर स्थानीय मुखिया मुकेश कुमार यादव पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी तथा शव को अन्त्यपरीक्षण के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजवाया। अन्त्यपरीक्षण के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। छात्रा की मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मच गई। आसपास के लोग शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बढ़ाया। आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 78 की सेविका सावित्री देवी ने बताया कि छात्रा काफी होनहार थी और वह प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र पर आया करती थी। गुरुवार को भी वह केंद्र पर पढ़ने आई थी। उक्त छात्रा की मौत के बाद आंगनवाड़ी केंद्र पर दो मिनट का मौन रखकर उसकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। मौके पर सेविका सावित्री देवी, सहायिका बेबी सिंह समेत अन्य महिलाएं व छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## पुलिस ने गंडक नदी से विवाहिता का शव किया बरामद

**परसा(सारण)।** परसा पुलिस ने बालिगाव गंडक नदी से विवाहिता का शव बरामद कर लिया है।और शव को पोस्टमार्टम हेतु छपरा भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गत दिनों बलिगाव में मनोज सहनी की पत्नी सुनीता देवी का ससुराल वालो ने हत्या किए जाने के मामले में मुजफ्फरपुर जिले के कमलपुरा कोठी निवासी संतलाल सहनी की पत्नी फुल कुमारी देवी ने पुत्री की हत्या कर नदी में शव फेके जाने को लेकर प्राथमिकी कराते हुए पति देवर को आरोपित किया था।

## सोनपुर के निवर्तमान एसडीओ कुमार निशांत विवेक को अनुमंडल कार्यालय से दी गयी सम्मान पूर्वक विदायीं



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सोनपुर निवर्तमान एसडीओ कुमार निशांत विवेक का गोपालगंज मे डीडीसी के पद पर स्थानांतरण होने के बाद शुक्रवार को सभी अधिकारियों व कर्मियों ने उन्हें फूल माला पहनाते हुए अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मान पूर्वक विदायीं दी । इस विदायी समारोह के मौके पर उपस्थित अधिकारियो ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश ड़ालते हुए कहाँ कि सर का स्थानांतरण तो हो गया है। सर के साथ रहकर बहुत कुछ सीखे व समझे इतना ही नहीं बल्कि समय- समय पर किसी कार्य के लिए मार्गदर्शन भी देते रहे और इन्होंने कार्य में सहयोग व सुझाव भी देते रहे। सर मधुरभाषी के धनी व्यक्ति है । निवर्तमान एसडीओ कुमार निशांत विवेक ने विदाई समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि बाबा हरिहरनाथ के धरती पर मुझे काम करने का सौभाग्य मिला । अपने कार्य अवधि में बिहार प्रशिद्ध सोनपुर मेला,लोकसभा चुनाव , माँ अविका भवानी मंदिर के विकास, सावनी मेला को शांति पूर्वक संपन्न कराया यह सब यहाँ के जनता व हमारे कर्मियों के सहयोग से हुआ । सरकार की योजनाओं की धरातल पर उतरने एवं लाभुकों को स -समय से लाभ पहुँचने के लिए अपने स्तर से अनुमंडल क्षेत्र के सभी पदाधिकारी को दिशा निर्देश देते रहें और उसका स- समय से पालन करते हुए अधिकारियों ने मेरे कार्य में काफी सहयोग किए हैं इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं । सोनपुर की धरती से हमने बहुत कुछ सीखे समझे और लोगों की व्यवहार को भी देखा। हम कहीं भी पदस्थापित रहे लेकिन मैं बाबा हरिहरनाथ के धरती पर जरूर पहुंच कर बाबा हरिहरनाथ के दर्शन और पूजा करने जरूर आएंगे । उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होना ,स्थानांतरण होना हर सरकारी कर्मियों का यह सिलसिला लगा रहता है लेकिन अपने पद का अभिमान नही करे । सभी के साथ मधुर भाषा का प्रयोग करते हुए हर कार्य को अपने कर्तव्यों को निर्वाहन कैसे करें ,जिससे अगले व्यक्ति खुश रहे। यह जिंदगी दो पल की है इसे सजाने और संवारने की जरूरत है । विदायी कार्यक्रम के पूर्व एसडीओ कुमार निशांत विवेक ने बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पहुँच कर पूजा अर्चना किये। मंदिर के सचिव विजय कुमार सिंह ने बाबा हरिहरनाथ के तस्वीर देकर उनका स्वागत किया। इस विदाई समारोह में सोनपुर एसडीपीओ नवल किशोर,सोनपुर डिसिएलआर रश्मिका कुमारी ,अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी रामजी पासवान, लोक शिकायत पदाधिकारी नूरी प्रवीण,सीडीपीओ डॉ सवेता सिंह,एम? सौम्या सिंह,बीडीओ आरोमा मोदी, सीओ आदिति श्रुति ,नगर कार्यपालक पदाधिकारी रंजीत कुमार ,राजस्व अधिकारी राजकमल ,सोनपुर थानाध्यक्ष राजननंदन, नयागांव थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा,दिघवारा थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार, पहलेजा अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार,हरिहरनाथ थानाध्यक्ष स्वर्ण सुप्रिया,अनुमंडल कर्मी स्टोनो बिरेन्द्र चौधरी,जितेंद्र कुमार,घनश्याम लाभ, किशोर लकड़ा,अमित कुमार, कमल सिंह, अजय सिंह, राकेश सिंह, शमशाद वेग, सौपनील, शावीर हुसैन,संजय रजक, मुन्ना कुमार, आशीष कुमार, शिक्षक अमरनाथ ओझा,स्काउट गाइड के मनीष कुमार, सहित दिघवारा, दरियापुर प्रखंड के पदाधिकारी व अनुमंडल क्षेत्र के कर्मी मौजूद रहे।

### शहीद राम वृक्ष ब्रह्मचारी की मनाई गयी 79वीं पुण्यतिथि

## स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों के सोंच और विचार को जिंदा रखना जरूरी : नंदकिशोर यादव

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के सबलपुर मध्यवर्ती पंचायत के बभनटोली स्थित पंचायत भवन स्थित स्थापित प्रतिमा शहीद राम वृक्ष ब्रह्मचारी की 79 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, वशिष्ठ अतिथि लोक सेवा आश्रम के संत विष्णु दास उदासीन उर्फ मौनी बाबा, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह, प्रोफेसर राघव शरण शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगो ने शहीद रामबृक्ष ब्रह्मचारी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सबलपुर मध्यवर्ती की छात्राओं ने अपने स्वागत गान से सभी अतिथियों का स्वागत किया। उसके पश्चात सबलपुर चारों पंचायत के मुखिया और उनके प्रतिनिधियों ने विधानसभा अध्यक्ष सहित मंचासीन अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया जिसमें मुखिया विकास सिंह, दिनेश राय, त्रिभूवन राय ,दया शंकर राय शामिल हैं। स्वागत भाषण समाजसेवी धर्मनाथ शर्मा ने किया। जबकि कार्यक्रम के अध्यक्षता शिक्षाविद सच्चिदानंद शर्मा और मंच संचालन अविनाश शर्मा कर रहे थे। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारभ करते हुए श्री यादव ने पत्रकार विश्वनाथ सिंह, अभय सिंह, सुनील यादव, पूर्व पत्रकार अबध किशोर शर्मा, पत्रकार संजीत कुमार, मनीष कुमार, विपिन सिंह सहित अन्य पत्रकार बन्धुओ को अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया।

उपस्थित लोगो को मौनी बाबा ने आशीर्वचन देते हुए कहाँ कि देश पहले फिर समाज उसके बाद परिवार हो। शहीदों के दिए गए कुर्वानी को बरकरार रखना हर भारतीय नागरिकों का पहला कर्तव्य बनता हैं। उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष श्री यादव ने कहाँ कि स्वतंत्रता संग्राम के दौर में भारत माता के वीर सपूतों क्रांतिकारियों का तब एक ही मंत्र था कि ''तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहें न रहें''। इसी ध्येय वाक्य से उन्हें अंग्रजों को इस देश से भगाने के लिए ऊर्जा प्राप्त होती रही। उन्होंने खाजे कलां बम कांड का जिक्र करते हुए कहा कि बाद में यह पटना बम कांड के नाम से मशहूर हुआ जिसमें अन्य क्रांतिकारियों के साथ शहीद रामवृक्ष ब्रह्मचारी भी गिरफ्तार हुए थे। इन्होंने कहा कि जब उन्हें पता चला कि रामवृक्ष ब्रह्मचारी का संबंध में खाजेकला बम कांड से है तो उनकी उत्सुकता शहीद के गांव सबलपुर आने के लिए बढ़ गई।उन्होंने कहा कि खाजे कलां बम कांड उनकी जन्मभूमि से जुड़ा है। पहले उन्हें भी रामवृक्ष जी के बारे में पता नहीं था जब सबलपुर के धर्मनाथ शर्मा ने इसका जिक्र किया तो उनकी उत्सुकता बढ़ गई। उन्होंने खाजे कलां बम कांड के राघो प्रसाद , रामबाबू यादव, देवकी नंदन मिश्र, मुनिलाल आदि सभी क्रांतिकारियों का जिक्र किया। इसी बम कांड में सबलपुर के युवक राम वृक्ष ब्रह्मचारी को गिरफ्तार किया गया था। ऐसे अनगिनत क्रांतिकारियों ने भारत माता के पैरों में पड़ी बेड़ियों को काटने के लिए अपनी शहादत दी जिनका इतिहास में कहीं स्थान नहीं। इतिहास इस बात का गवाह है कि इतिहास विजेता का लिखा जाता है। दुर्भाग्य यह रहा कि इतिहास लिखने वालों ने महाराणा प्रताप को इतिहास में गौण कर दिया और अकबर को महान बना दिया। उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों ने जिन मूल्यों के लिए प्राण त्यागें, संघर्ष किया उनके सोंच और विचार को आज जिंदा रखना है।समारोह के मुख्य वक्ता महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्व विद्यालय वर्धा के पूर्व अतिथि प्रोफेसर राघव शरण शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि अंग्रजों ने भारत में पैर पसारते ही ''फूट डालो राज करो''की नीति अपनाई।

कई पार्टियों और संस्थाओं के जन्मदाता या उत्प्रेरक अंग्रेज रहे। इन्हीं परिस्थितियों में देश के विभिन्न भागों में अंग्रजों के खिलाफ विद्रोह और आंदोलन शुरु हुए। इन्हीं परिस्थितियों के बिच राम वृक्ष ब्रह्मचारी का जन्म हुआ। उस समय राजनीति में तीन धाराएं चल रहीं थीं उनमें क्रांतिकारी राष्ट्रवाद, किसान आंदोलन एवं समाजवाद। पूर्व मंत्री रामचंद्र सिंह ने कहाँ कि ब्रह्मचारी जी स्वामी सहजानंद सरस्वती जी को अपना आदर्श मानते थे और उन्हीं के नक्शे कदम पर चलकर वह हमेशा किसानों को हक दिलाने के लिए संघर्ष करते थे । जब किसान आंदोलन का शुरुआत हुआ तो ब्रह्मचारी जी ने उस में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । संबलपुर और अमवारी के किसान आंदोलन में उनकी महती भूमिका को कभी भुलाया नहीं जा सकता । 30 अगस्त 1945 को जेल मे ही भारत माता की गोद में रामवृक्ष ब्रह्मचारी जी सदा-सर्वदा के लिए सो गये। आज के दिन संबलपुर में हर वर्ष ब्रह्मचारी जी की पुण्यतिथि आयोजित की जाती है। मुझे यह देख कर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि संबलपुर और सोनपुर के नौजवान अपने पूर्वजों के धरोहर को संजोकर रखे हुए हैं और उनके नक्शे कदम पर चलने का प्रयास कर रहे हैं।

समारोह को पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह, पूर्व मंत्री डॉ.महाचंद्र प्रसाद सिंह, महेन्द्र प्रताप,विजय कुमार शर्मा, ब्रज किशोर शर्मा, दया शंकर राय, मुखिया दिनेश राय, पूर्व मुखिया दीपक शर्मा ने भी सम्बोधित किया।वरिष्ठ अधिवक्ता महेन्द्र प्रताप, प्रसिद्ध समाज सेवी अनिल सिंह गौतम, भाजपा नेता अजीत सिंह,भाजपा प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह,लालबाबू कुशवाहा,लालबाबू पटेल, मुकेश शर्मा, ललित शर्मा, वैभव सिंह, सहित सैकड़ो लोगो ने माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जन सुराज अमनौर प्रखण्ड स्तरीय गठित नयी कमिटी की हुई घोषणा

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** मकेर बाईपास के पास जन सुराज प्रखण्ड जन सुराज के नये पदाधिकारियों की घोषणा एक सभा आयोजित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागेन्द्र शर्मा तथा संचालन चंदन सिंह ने किया।नये कमिटी की घोषणा जिलाध्यक्ष बच्चा राय ने अपने संबोधन के साथ किया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा,संगठन महासचिव रणजीत सिंह जबकि उपाध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार,राज किशोर शर्मा, रामपूजन मांझी,शिवचन्द्र राम, महम्मद अरमान समेत नौ लोगों को मनोनीत किया गया। वही महिला अध्यक्ष बबीता देवी तथा किसान अध्यक्ष अजय सिंह जबकि युवा अध्यक्ष विकास महतो, मुख्य प्रवक्ता प्रमोद कुमार , प्रवक्ता सरफराज अहमद तथा सोशल मीडिया प्रभारी पंकज कुमार तथा कार्यालय प्रभारी दीपक कुमार मनोनीत किया गया है। अभियान समिति के प्रखंड संयोजक चंदन सिंह को बनाया गया।इस बीच सभी अतिथियों तथा नये घोषित पदाधिकारियों का स्वागत अंगवस्त्र व माला पहनाकर किया गया।



इस मौके पर जिलाध्यक्ष बच्चा यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बदहाल बिहार को बेहतर बिहार बनाने तथा जनता का सुंदर राज स्थापित करने हेतु हमे और हमारे जनसुराजी साथियों को प्रशांत किशोर जी का संदेश जन जन तक पहुंचाने कि आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान सभा स्थल से कारगिल सहीद विष्णु राय स्मारक स्थल तक पैदल यात्रा निकाला गया । जहां जन सुराजी लोगो ने कारगिल सहीद विष्णु राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बच्चा राय,अभियान समिति के जिला संयोजक प्रियरंजन सिंहयुवराज, महिला जिलाध्यक्ष अमिता सहनी, जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, पूर्व जिलाध्यक्ष राम पुकार मेहता, पूर्व सह संयोजक राहुल सिंह, महिला जिला उपाध्यक्ष मनोरमा कुमारी,संतोष पटेल, उषा देवी, अनुमंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव,आरती देवी ने अपने अपने विचार व्यक्त किया । कार्यक्रम के दौरान अमनौर प्रखंड अध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व जिला पार्षद अमरेन्द्र बैठा,देवेन्द्र सहनी समेत सैकड़ों जनसुराजी मौजुद रहे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में जागरण का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के हंसापीर गांव में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में जागरण का आयोजन किया गया। मौके पर लोक गायिका व पूर्व जिला पार्षद पुष्पा सिंह ने भक्ति गीतों को गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर गायक मनीष मसरखिया, सुरेश राजन, प्रिंस कुमार, अशोक अजनबी ने भी अपनी प्रस्तुति दी। सभी गायकों ने एक से बढ़कर भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। उन्होंने अपने भजन और गीत के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर आयोजन समिति में प्रिंस यादव, राजेन्द्र यादव, सुधीर यादव,अवधेश यादव, अनिकेत यादव, दिनेश यादव समेत कई अन्य लगें रहें। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि छठिहार के दिन भव्य आयोजन किया जाएगा।त्त

## दो ट्रको के बीच हुई भीषण टक्कर में दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त

**दैनिक खोज खबर/मांझी/दाउदपुर।** छपरा-सिवान मुख्य सड़क मार्ग एनएच 531 पर शुक्रवार को दाउदपुर थाना के समीप दो ट्रको के बीच हुई भीषण टक्कर में दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। घटना में एक चालक बुरी तरह से जख्मी हो गया । जिसका इलाज नजदीक के एक निजी स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। जबकि दूसरा चालक अपना ट्रक लेकर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ट्रक यूपी के सलेमपुर से गेहूं लाद कर हाजीपुर जा रहा था। उसके आगे तेज गति से दूसरा ट्रक जा रहा था। इसी बीच दाउदपुर थाना के सामने ट्रक के आगे अचानक एक जानवर आ गया। जिसे बचाने के लिए चालक ने एकाएक ब्रेक लिया तो पीछे से जा रहा गेहूं लदा ट्रक जबतक कुछ समझ पाता तभी वह अगले ट्रक से जा टकराया। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि एक ट्रक के अगले हिस्से का परखच्चे उड़ गए। थानाध्यक्ष नवलेश ने बताया कि हादसे में ट्रक चालक सलेमपुर यूपी का सुनील कुमार यादव जख्मी हुआ है जबकि क्षतिग्रस्त ट्रक सलेमपुर यूपी के हीं जितेंद्र मिश्रा की है।

## परिवार नियोजन कार्यक्रम के बेहतर तरीके से प्रबंधन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

### निश्चित समय पर पर्याप्त मात्रा में सामग्रियों का वितरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान: डीएमएनई

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक इंफॉर्मेशन सिस्टम एक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी प्रणाली है, जो परिवार नियोजन कार्यक्रमों के लिए लॉजिस्टिक प्रबंधन को सुव्यवस्थित और कुशल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह प्रणाली भारत सरकार के परिवार कल्याण विभाग द्वारा विकसित की गई है और इसका उद्देश्य संसाधनों के प्रबंधन को बेहतर बनाना और परिवार नियोजन सेवाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाना है। जिसको लेकर सदर अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम कॉलेज के सभागार में जिले के सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, प्रखंड अनुश्रवन एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का अयोजन किया गया।

**निश्चित समय पर पर्याप्त मात्रा में सामग्रियों का वितरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान:** जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण पदाधिकारी (डीएमएनई) ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि परिवार नियोजन के लिए आवश्यक वस्तुएं जैसे कंडोम, गर्भ निरोधक गोलियां, आईयूडी सहित अन्य सामग्रियों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए सिस्टम का उपयोग किया जाता है। सिस्टम के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर राज्यों और जिलों में आवश्यक आपूर्ति की योजना बनाई जाती है, जिससे निश्चित समय पर पर्याप्त मात्रा में सामग्री का वितरण सुनिश्चित किया जा सके। इस प्रणाली के कार्यान्वयन से कई महत्वपूर्ण लाभ हुए हैं। सबसे पहले यह प्रणाली डेटा को एकत्रित करने और विश्लेषण करने में सक्षम है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला की वास्तविक स्थिति का सटीक आकलन किया जा सकता है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि कहीं भी आपूर्ति की कमी या अधिकता न हो, और संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो सके।इस अवसर पर जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण पदाधिकारी (डीएमएनई) ब्रजेश कुमार सिंह, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक (डीसीएम) ब्रजेंद्र कुमार सिंह, पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के कार्यक्रम प्रबंधक मुरलीघर एवं वरीय क्षेत्र कार्यक्रम समन्वयक राजीव कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर लायंस क्लब और रोटरी क्लब द्वारा बालिका कबड्डी मैच आयोजित



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ छपरा, रोटरी क्लब छपरा, और सारण जिला कबड्डी संघ के संयुक्त तत्वावधान में छपरा के खेल भवन में एक रोमांचक बालिका कबड्डी मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के लिए लायंस क्लब ऑफ छपरा और रोटरी क्लब छपरा ने मैच को प्रायोजित किया, जिसमें सेंट जोसेफ्स अकादमी, गरखा और सरस्वती शिशु मंदिर, छपरा की बालिका टीमों के बीच प्रतियोगिता हुई। दोनों टीमों की बालिकाओं ने अपने अद्भुत खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया।

इस कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ छपरा के अध्यक्ष, लायन डॉ.विकाश कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ पूर्व जिलापाल लायन डॉ. एसके. पांडेय, क्लब के संरक्षक लायन डॉ. मकेश्वर चौधरी, आरसी लायन विक्की आनंद, सचिव लायन राकेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष लायन शशांक शेखर, लायन मंजय शर्मा, लायन देव कुमार सिंह, और लायन अनिल कुमार शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।रोटरी क्लब छपरा की ओर से अध्यक्ष हिमांशु किशोर, पूर्व अध्यक्ष मृदुल सारण, संयुक्त सचिव नवीन कुमार, सहायक गवर्नर अमरेंद्र कुमार सिंह, नितेश दुबे और रंजन कुमार ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सारण जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष सुरेश सिंह, सचिव पंकज कश्यप, संरक्षक देव कुमार सिंह, संयुक्त सचिव राकेश सिंह, अधिकारी सूरज कुमार, नीरज तिवारी, जय प्रकाश महतो, रोहित सिंह, ऋषिकेश और शिव शंकर ने भी अपने समर्पण और मेहनत से आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## अज्ञात वाहन के धक्के से शिक्षक की मौत से शोक की लहर

**दरियापुर(सारण)।** रेल कारखाना के नजदीक से गुजरने वाली फोर लेन सड़क मार्ग पर अज्ञात वाहन के धक्के से मोटर साईकिल सवार शिक्षक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वजहियां पंचायत के पूर्व मुखिया मजीसटर राय के पुत्र अजय राय कोचवारा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। वह पटना में डेरा लेकर परिवार के साथ रहते थे वह प्रतिदिन स्कूल पटना से ही आते जाते थे इसी क्रम में बीते बुधवार के शाम में स्कूल में शिक्षण कार्य समाप्त करके अपने डेरा फोरलेन से पटना जा रहे थे। इसी क्रम में कोई अज्ञात वाहन ने धक्के मार दी जिससे लहूलुहान स्थिति में सड़क पर काफी देर तक बेहोश गिर हुए थे। तब किसी ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर जख्मी शिक्षक अजय को इलाज हेतु पीएमसीएच लेकर गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया ।इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरा कराया। इसके बाद शव को परिजन को सौप दिया ।घटना की सूचना मिलते ही पूरे शिक्षक समाज में शोक की लहर दौड़ गई उनके निधन को लेकर सभी विद्यालय में शिक्षक ने अपने साथी की मौत पर शोक सभा का आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा शोक व्यक्त करने वाले शिक्षक में शिक्षक नेता पवन सिंह,कुमार शैलेश,जाहिर हुसैन,गांधी कुमार,रुस्तम अली , संतोष सिंह,अमरजीत पासवान,चंद्रमा राय, पुनम कुमारी,अंकित कुमार तथा लेखापाल तारकेश्वर चौधरी सहित आदि है।

## कायाकल्प कार्यक्रम: स्वास्थ्य संस्थानों की बेहतरी को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों की बेहतरी को लेकर कायाकल्प कार्यक्रम का संचालन किया जाता है। ताकि स्वास्थ्य संस्थाओं में नियमित रूप से सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कर विभिन्न प्रकार के संक्रमण को आसानी से रोका जा सके। जिसके लिए जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन के सभागार में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ श्री निवास प्रसाद, जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम विशाल कुमार, जिला लेखा प्रबंधक अजय कुमार सिन्हा, जिला सलाहकार- गुणवत्ता यक्षीन (डीसीक्यूए)- डॉ कुमार अभिमन्यु, जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) इमामुल होदा, जिला मूल्यांकन और अनुश्रवण पदाधिकारी (डीएमएनई) रवि शेखर, पीरामल स्वास्थ्य के पटना के कार्यक्रम निदेशक डॉ विकास रामेश्वर पाण्डेय, जिला प्रतिनिधि कुंदन कुमार और राकेश कुमार, सिफार के प्रमंडलीय कार्यक्रम समन्वयक धर्मेंद्र रस्तोगी, सदर अस्पताल के अधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल महाराजगंज के उपाधीक्षक सहित जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, बीएचएम उपस्थित थे।

**स्वास्थ्य संस्थाओं में पहले से बेहतर सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर की गई चर्चा :** सिविल सर्जन डॉ श्री निवास प्रसाद ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों से कहा कि वित्तीय मार्गदर्शिका 2024- 25 के आलोक में कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तर पर सभी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तर पर जिले के सभी एमओआईसी, अस्पताल प्रबंधक एवं बीएचएम को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। ताकि संबंधित स्वास्थ्य संस्थाओं में पहले से बेहतर सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इस कार्यशाला के दौरान अस्पताल में आने वाले मरीज एवं उनके परिजन या अभिभावकों की सुरक्षा के साथ- साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधारात्मक कार्य से संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई है। क्योंकि मरीजों को उचित प्रबंधन के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए सरकार द्वारा लाई गई कायाकल्प योजना से न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ होती है, बल्कि स्वास्थ्य संस्थानों की तस्वीर में पूर्व की भांति सकारात्मक बदलाव भी होता है। जिस कारण मरीजों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। स्वास्थ्य केंद्रों में समुचित व्यवस्था के साथ लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती हैं ।

## भूमि सर्वेक्षण हेतू जागरुकता शिविर आयोजित

**दैनिक खोज खबर/दाउदपुर(मांझी)** आपकी अपनी जमीन के कागजात को डिजिटल रूप में अपडेट करने के उद्देश्य से बिहार में चल रहे भू -सर्वेक्षण कार्य अब शुरू हो गया है। मांझी अंचल क्षेत्र के पंचायत सरकार भवन जैतपुर के परिसर में शुक्रवार को मुखिया देवसुंदरी देवी की अध्यक्षता तथा विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के नेतृत्व में भू सर्वेक्षण कार्य शुरू करने के लिए जागरूकता ग्राम शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो भू- धारकों व उत्तराधिकारी ने भाग लिया। शिविर में उपस्थिति सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी एवं उनकी टीम ने भू सर्वेक्षण को लेकर जमीन संबंधित आवश्यक कागजातों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पंचायत के भू- स्वामियों को फार्म भरने तथा इससे सम्बंधित जानकारी लोगों को दी तथा उनकी समस्याएँ भी सुनी। शिविर में प्रखंड से सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी रौशन कुमार ने विशेष भू सर्वेक्षण की प्रक्रिया के बारे में बारीकी से बताया। उन्होंने कहा कि सरकार जमीनी विवाद को खत्म कराने के उद्देश्य से विशेष भूसर्वे कार्य करा रही है। लोगों से उन्होंने कहा कि आम सभा के अगले 15 दिनों के अंदर सर्वे के लिए बनाए गए कैंप में आदेशित प्रपत्र एक, दो, तीन को भरकर आवश्यक कागजातों व खतियान, केबाला, राजस्व रसीद, वंशावली, बंटवारानामा आदि कागजात की छायाप्रति सलग्न करते हुए जमा करने की अपील की। जिसके बाद सत्यापित कर भूखंड की मापी करायी जाएगी। वही नसीरा पंचायत के मनरेगा भवन में मुखिया कलावती देवी की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में सरपंच श्रीभगवान मांझी, मुखिया प्रतिनिधि दूधनाथ राम, कानूनगो सोरभा कुमार सिन्हा,अमीन अंशु कुमार, दीपू कुमार, पूर्व मुखिया जय प्रकाश सिंह, जीप सदस्य फूल सिंह, गोपाल पाण्डेय, रमेश सिंह, सुरेश पाण्डेय, छोटन सिंह, मनोज पाण्डेय, महेश सिंह, भूषण यादव, बिरेंद्र यादव, अप्पू तिवारी, मुनिल सिंह, जितेंद्र मिश्रा,आदि पंचायत के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मुखिया ने बताया कि सर्वे टीम के द्वारा जैतपुर पंचायत भवन पर भू सर्वे कार्यक्रम के तहत शिविर लगाकर लोगों को जगरुक किया गया। जिसमें लोगों को भू सर्वेक्षण से संबंधित जानकारी दी गई है।

## सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर मशरक उतरी मंडल भाजपा की बैठक सिसई पोखरा के परिसर में आयोजित की गई। जिला भाजपा से त्रिभुवन तिवारी, सुनील सिंह की उपस्थिति में उतरी मंडल अध्यक्ष सागर राय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सदस्यता अभियान को महा अभियान के रूप मनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में जिला से आए भाजपा नेता त्रिभुवन तिवारी ने कहा कि सदस्ता अभियान पार्टी का राष्ट्रीय पर्व होता है। जिसके बदौलत पार्टी सशक्त होती है। जिसे सभी कार्यकर्ता महा अभियान के रूप में लेकर कार्यक्रम को सफल करेंगे। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर अभियान को सफल करेंगें। मौके पर भारत भूषण सिंह समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।




## मढ़ौरा बीडीओ ने पांच बूथों का किया भौतिक सत्यापन

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रखंड के पांच बूथों का प्रखंड विकास पदाधिकारी सुधीर कुमार व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मदन मोहन साह ने निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया। बीडीओ ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रखंड के आदर्श मध्य विधालय मढ़ौरा खुर्द, मध्य विद्यालय भावलपुर, प्राथमिक विद्यालय जमालपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय विक्रमपुर, बुनियादी विद्यालय नौतन आदि पर जाकर बुथ का भौतिक सत्यापन किया गया है। विद्यालयों में अवस्थित मतदान केन्द्र व विधालय पर उपलब्ध सुविधा की जानकारी प्राप्त की गई है। जहां जहां कमी मिली है वहा सुधार हेतु विधालय प्रधान को निर्देश दिया गया है। इस दौरान बीडीओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मध्य विद्यालय भावलपुर की स्थिति बहुत ही दयनीय मिली। वर्ग एक से आंठवी तक की कक्षा के लिए विधालय में एक भी उपयुक्त कमरा उपलब्ध नहीं था। धूप और बरसात में बच्चें पेड़ के नीचे पढ़ रहे थे। मामले में बीईओ को पहल कर विधालय के भवन निर्माण हेतु पहल करने को कहा गया है, ताकी बच्चें ठीक प्रकार से पठन पाठन कर सके। इस दौरान शिक्षक प्रमोद सिंह व अन्य उपस्थित थे।



## खजुरी गांव में सड़क को किया गया अतिक्रमण मुक्त

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के खजुरी गाव में सड़क किनारे की अतिक्रमित जमीन से बड़ी संख्या में पुलिस बल तथा सीओ की देखरेख में अतिक्रमण हटाया गया। मशरक के सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष धनंजय राय की मौजूदगी में यह कारवाई की गई। सारण जिला पदाधिकारी के निर्देश पर खजुरी गांव में सड़क के किनारे अवांछनीय तत्वों के द्वारा झोपड़ी ,भूसा रखनें का खोप से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। मशरक सीओ सुमंत कुमार ने बताया की सड़क किनारे अवैध तरीके से कब्जा किया गया था। जिनके विरुद्ध कार्रवाई की गई। वहीं उन्होंने अवैध सरकारी जमीन कब्जा करने वालो को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दुबारा कब्जा हुआ तो पुनः प्रशासनिक कारवाई निश्चित होगी।



# महादेवा : 21 नामजद सहित 25 अज्ञात पर दर्ज हुई प्राथमिकी



**परवेज अख्तर/सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के महादेवा अखाड़ा नंबर दस का डीजे थानाध्यक्ष द्वारा जब्त करने के विरोध में स्थानीय लोग गुरुवार की दोपहर आक्रोशित होकर महादेवा रोड पर आवागमन बाधित कर प्रदर्शन किए थे। इस मामले में पुलिस ने जांच कर 21 नामजद सहित 25 अज्ञात पर प्राथमिकी की है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मामले में एसपी अमितेश कुमार ने बताया कि 29 अगस्त को महादेवा अखाड़ा नंबर दस के द्वारा डीजे का सेटअप एक ट्रैक्टर पर बांधकर जुलूस निकालने की तैयारी कर रहे थे। सूचना पर महादेवा अखाड़ा से डीजे व साउंड बाक्स को जब्त कर थाना पर लाया गया। इसके बाद डीजे एवं साउंड बाक्स थाना लाने के विरोध में महादेवा के कुछ लोगों द्वारा महादेव रोड पर उतरकर विरोध कर सड़क जाम कर दिया गया। सूचना पर पुलिस द्वारा जाम हटवा कर आवागमन शुरू कराया गया। सड़क जाम करने वालों के विरुद्ध महादेवा थाना कांड संख्या 495/24 धारा 132 बीएनएस के अंतर्गत 21 नामजद एवं 25 अज्ञात के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया है।

## सिवान : महावीरी मेला के दौरान प्रेम प्रसंग को ले युवक को मारा चाकू

**परवेज अख्तर/सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के शांति वट वृक्ष से सोनार टोली जाने वाली सड़क के समीप गुरुवार की देर रात महावीरी अखाड़ा मेला के दौरान प्रेम प्रसंग में एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने इलाज कर पटना रेफर कर दिया। हालांकि घायल का इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में स्वजनों द्वारा कराया जा रहा है। घायल की पहचान नया किला आजाद बस्ती निवासी मुस्तफा अली के 19 वर्षीय पुत्र फैजान अली के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर नगर थाना इंस्पेक्टर सुदर्शन राम अपनी टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने आरोपित के घर सहित अन्य जगहों पर छापेमारी की लेकिन शुक्रवार की देर शाम तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि फैजान पुरानी बजाजी मलेश्वरी चौक अखाड़ा नंबर 7 में डीजे संचालक का काम कर रहा था। शांतिपूर्ण माहौल में सभी अखाड़ा आगे बढ़ रहा थी। नगर इंस्पेक्टर सुदर्शन राम दलबल के साथ छह नंबर अखाड़ा को पास कराने के लिए आगे बढ़े की अंकित नामक युवक की फैजान से नोकझोंक होने लगी इसके बाद चाकूबाजी की घटना हुई। जहां फैजान चाकू लगने से घायल हो गया। इसी बीच अखाड़ा में मौजूद फैजान के बहनोई की नजर अंकित पर पड़ी तो उन्होंने अंकित को पकड़ लिया लेकिन कुछ युवकों ने अंकित को छुड़ा कर मौके से भगा दिया। मामला प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। मामले में नगर इंस्पेक्टर सुदर्शन राम ने बताया कि अभी आवेदन नहीं मिला हैं। मामले की जांच की है रही है।

## सिवान : डायलिसिस केंद्र का आज स्वास्थ्य मंत्री करेंगे उद्घाटन

**परवेज अख्तर/सिवान।** शहर के चकिया रोड स्थित टीएन सिंह मेमोरियल अस्पताल व लायंस क्लब के सौजन्य से डायलिसिस सेंटर का विधिवत उद्घाटन बिहार सरकार के स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री मंगल पांडेय 31 अगस्त को करेंगे। शुक्रवार को डाक्टर सौरभ सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया कि डायलिसिस की सुविधा किफायती दर पर मुहैया कराएंगे। लायंस क्लब से जुड़े चिकित्सक भी नियमित तौर पर अपनी सेवा इस डायलिसिस केंद्र पर देंगे। निदेशक डाक्टर ऋचा सिंह ने बताया कि इस डायलिसिस केंद्र पर कुशल चिकित्सा पेशेवर भी अपनी सेवा देंगे। लायंस क्लब के चार्टेड प्रेसिडेंट डाक्टर एमडी शादाब ने कहा कि सिवान में उच्च गुणवत्ता की डायलिसिस सेवा की उपलब्धता से उन मरीजों को लाभ मिलेगा, जिन्हें बड़े शहरों में जाने पर भारी आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ता है। डाक्टर आजाद आलम ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण और किफायती डायलिसिस सेवा की उपलब्धता से यहां के मरीजों को फायदा होगा। प्रेसिडेंट विकास सोमानी, सेक्रेटरी डा.शबीना जावेद व ट्रेजरर रंजन दास ने बताया कि लायंस क्लब डायलिसिस सेंटर से जरूरतमंदों को बड़ी मदद मिल जाएगी। पीआरओ डा.गणेश दत्त पाठक ने बताया कि डायलिसिस सेंटर बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है।

## माता वैष्णो देवी के दर्शन को जत्था रवाना

**सिवान।** माता वैष्णो देवी दर्शन समिति के तत्वावधान में माता वैष्णो देवी दर्शन के लिए करीब 250 श्रद्धालुओं का जत्था सिवान जंक्शन से ट्रेन से कटरा के लिए शुक्रवार को रवाना हुआ। जत्था को जिला परिषद सदस्य ब्रजेश कुमार सिंह व मेंहदार स्थित बाबा महेंद्रनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी तारकेश्वर उपाध्याय उर्फ ललका बाबा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समिति के अध्यक्ष मिथिलेश सिंह ने कहा कि धर्म के प्रति सभी लोगों को सजग रहना चाहिए। देवी-देवताओं की पूजा अर्चना करने से समाज के साथ ही परिवार का भी कल्याण होता है जो श्रद्धालु सच्चे मन से देवी- देवताओं की पूजा करते हैं, उनकी मनोकामनाएं पूरी होती है। झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक व राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह ने कहा कि धर्म के रास्ते पर चलने वाले पूजनीय होते हैं। इसलिए धर्म का प्रचार- प्रसार आवश्यक है। इसी से देश की संस्कृति भी जुड़ी हुई है। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाजपा का लक्ष्य हर घर भाजपा : कुंतल कृष्ण

**महाराजगंज (सिवान)।** भाजपा महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र में सघन सदस्यता अभियान चलाने जा रही है। इसके लिए भाजपा का एक ही लक्ष्य है हर घर भाजपा। यह बातें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने बंगरा स्थित डा.मनोहर सौरभ के आवास पर पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भाजपा पूरे जोर-शोर से सदस्यता अभियान चलायेगी। इसके लिए प्रत्येक घर से एक व्यक्ति को सदस्य बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार जिस गति से कार्य कर रही है उससे महागठबंधन के नेता घबरा गए हैं। सरकार को अनाप शनाप बक रहे हैं। कुंतल कृष्ण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व में एक अलग पहचान बनाई है।

## हत्या कांड के फरार आरोपित के घर कुर्की जब्ती हुई कार्रवाई

**परवेज अख्तर/ सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के महम्मदपुर गांव में गुरुवार की शाम पुलिस ने हत्याकांड के फरार आरोपित कुंदन कुमार के विरुद्ध न्यायालय से निर्गत कुर्की वारंट के आधार पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की। कुर्की की कार्रवाई एसआइ शैलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। थानाध्यक्ष रमाशंकर साह ने बताया कि थाना कांड संख्या 311/22 में फरार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से कुर्की जब्ती की कार्रवाई के लिए वारंट जारी हुआ था। जिसके आलोक में कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि इस मामले में बकरी के विवाद में हुई मारपीट में आर्मी के एक जवान इंद्रासन राय की हत्या हो गई थी। इस मामले में तीन लोगों को आरोपित किया गया था। इसमें एक आरोपित लक्ष्मण राय जमानत पर है जबकि दूसरा आरोपित बलिराम राय जेल में है। वहीं तीसरा आरोपित कुंदन कुमार अभी भी फरार है। कुर्की जब्ती के दौरान पीएसआइ छपित कुमार चौबे एवं पूजा कुमारी दलबल के साथ उपस्थित थी।

## मारपीट मामले में दस लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी

**दारौंदा (सिवान) :** थाना क्षेत्र के नया प्राथमिक विद्यालय मिल्की मधवापुर के समीप एक किशोर पर जान मारने की नीयत से हमला कर घायल करने मामले में 10 लोगों को आरोपित किया गया है। इस मामले में मिल्की मधवापुर निवासी राजदेव राम के बयान पर पचरुखी थाना क्षेत्र के मधवापुर निवासी भोला यादव, रंजीत कुमार यादव, वीरेंद्र यादव, प्रिंस यादव, नीतीश कुमार यादव, प्रिंस पंडित, यस कुमार पंडित, फागुलाल यादव, अच्छे लाल यादव एवं शंभू यादव को आरोपित किया है। उसने आरोप लगाया है कि मेरा पोता शुभम कुमार 20 अगस्त को मिल्की मधवापुर खेल मैदान में फुटबाल प्रतियोगिता देखकर घर लौट रहा था तभी प्राथमिक विद्यालय मिल्की मधवापुर विद्यालय के समीप पहले से घात लगाए भोला यादव, रंजीत कुमार यादव, वीरेंद्र यादव, प्रिंस यादव, नीतीश कुमार यादव, प्रिंस पंडित, यस कुमार पंडित, फागुलाल यादव, अच्छेलाल यादव एवं शंभू यादव ने उसे लाठी डंडा व चाकू समेत अन्य हथियार से प्रहार कर घायल कर दिया तथा गालियां दी।

## स्कॉर्पियो में लदी 279 लीटर शराब बरामद, तस्कर फरार

सिवान। असांव थाना क्षेत्र के मनिया गांव के पोखरा के समीप गुरुवार की रात पुलिस ने गुप्ता सूचना पर स्कार्पियो व बाइक पर लदी 279 लीटर बंटी-बबली शराब बरामद की। वहीं पुलिस को देख दोनों शराब तस्कर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष रवि कुमार ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना पर स्कार्पियो व बाइक तथा बरामद शराब को थाना लाया गया। पुलिस शराब तस्करों की पहचान में जुटी हुई है। शीघ्र ही दोनों शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सिवान : छपरा-अमृतसर-छपरा के बीच चलेगी त्यौहार विशेष गाड़ी

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05049/05050 छपरा-अमृतसर-छपरा त्यौहार साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन छपरा से 20 सितंबर से 29 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा अमृतसर से 21 सितंबर से 30 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार को 11 फेरों के लिए किया जाएगा। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 05049 छपरा-अमृतसर त्यौहार साप्ताहिक विशेष गाड़ी 20 सितंबर से 29 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को छपरा से 0955 बजे प्रस्थान कर सिवान से 1050 बजे, थावे, तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोण्डा, बुढ़वल, सीतापुर, बरेली दूसरे दिन मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर सिटी तथा ब्यास छूटकर अमृतसर पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05050 अमृतसर-छपरा त्यौहार साप्ताहिक विशेष गाड़ी 21 सितंबर से 30 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार को अमृतसर से 1245 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशन होते हुए दूसरे दिन सिवान से 1255 बजे छूटकर छपरा 1400 बजे पहुंचेगी।

## शादी की नीयत से लड़की भगाने का आरोप

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग को शादी की नीयत से बहला- फुसलाकर कर भगाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में नाबालिग के पिता ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही पांच लोगों को आरोपित किया है। उसने अपने आवेदन में लिखा है कि मेरी पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई। काफी देर बाद घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन की गई। बाद में पता चला कि गांव के ही दो युवक एवं तीन महिलाएं उसे शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर कर कहीं लेकर चले गए हैं। जब मैं उनके घर पूछताछ करने गई तो उक्त लोगों ने गाली गलौज एवं मारपीट कर घर से भगा दिया। इस मामले में पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच में जुट गई है।

## महावीरी अखाड़ा जुलूस में युवाओं ने किया प्रदर्शन, झांकिया रही आकर्षण का केंद्र

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को प्रशासन की देखरेख में महावीरी अखाड़ा जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। इसमें दो अखाड़ों ने भाग लिया। इस दौरान जय हनुमान व जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। महावीरी अखाड़ा जुलूस ने कलाकारों ने राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती आदि झांकियां प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम को लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। इस जुलूस में दो अखाड़ा शामिल हुए। इसमें अखाड़ा नंबर एक नरसिंहा व अखाड़ा नंबर दो हनुमानगढ़ के लाइसेंसधारी अपने-अपने अखाड़ों के साथ पूरे सक्रिय दिखे। इस दौरान भगवान हनुमान की प्रतिमा को पूरे बाजार में भ्रमण कराया गया। इसके पूर्व भगवान हनुमान की पूजा अर्चना की गई। इसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। विधि-व्यवस्था में थानाध्यक्ष पप्पन कुमार, सीओ नीलम कुमारी, एसआइ मनीष कुमार, सीआइडी इंस्पेक्टर संजय कुमार पांडेय, योगेंद्र कुमार, सतीश कुमार, अरविंद तिवारी, पंकज कुमार दल-बल के साथ गश्त करते नजर आए।

## भागवत कथा की हुई पूर्णाहुति

**सिवान।** दरौली प्रखंड के तियर गांव के लीलही टोला स्थित रामजानकी मंदिर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति गुरुवार की रात वैदिक मंत्रोच्चारण व हवन के साथ हुई। इस दौरान आचार्य सुग्रीव पांडेय समेत काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## गायघाट के महावीरी झंडा मेला कल

**हसनपुरा (सिवान)।** प्रखंड के गायघाट में महावीरी झंडा जुलूस रविवार को स्थानीय प्रशासन की देख रेख में निकाला जाएगा। इसके आयोजनकर्ता मुखिया प्रतिनिधि टुनटुन सिंह ने बताया कि प्रत्येक साल की भांति इस साल भी महावीरी झंडा में महिला व पुरुष पहलवानों का दंगल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के पहलवान भाग लेंगे।

## नेत्र जांच शिविर की तैयारी पूरी

**हसनपुरा (सिवान)।** प्रखंड के गायघाट पंचायत में मुखिया सीमा देवी के आवास पर शनिवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। शिविर में अखंड ज्योति आई हास्पिटल के कुशल चिकित्सकों द्वारा आंखों के सभी प्रकार के नेत्र जांच कर कर उसका उपचार किया जाएगा।

## घोड़ा ने युवक किया घायल

**सिवान।** महावीरी मेला के दौरान घोड़ा ने एक युवक को मलेश्वरी चौक पर मारकर घायल कर दिया। घायल युवक की पहचान सिद्धार्थ कुमार है। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने स्थिति गंभीर को देखकर पटना रेफर कर दिया।

## दो बाइक की आमने सामने टक्कर में दो युवक घायल, सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के ब्राहिमपुर गांव में दो बाइक की आमने सामने टक्कर में दो युवकों को गंभीर हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। घायलों में बहुआरा गांव निवासी शान्ता नट का 30 वर्षीय पुत्र मलख नट और ब्राहिमपुर गांव निवासी मुरारी साह का 18 वर्षीय पुत्र प्रियांशु साह शामिल हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने इलाज के बाद सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि दोनों की बाइक में तेजी से आमने-सामने तेज टक्कर हो गई। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि यदि दोनों हेलमेट पहने रहते तो इतने गंभीर रूप से घायल नहीं होते।

साओ व थानाध्यक्ष उपस्थित थे।